# दो नए फुलफिलमेंट सेंटर के साथ फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में अपने परिचालन को दिया विस्तार; 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की राह पर उत्तर प्रदेश को समर्थन देने और एमएसएमई सेक्टर के विकास को गति देने का लक्ष्य

- उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल तरीके से दो नए फुलफिलमेंट सेंटर का उद्घाटन किया, कुल **5** लाख वर्ग फीट में बने हैं दोनों सेंटर
- प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से **3,600** से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करने, आर्थिक विकास को गति देने, स्थानीय एमएसएमई को समर्थन देने और लाखों ग्राहकों को बेहतर सर्विस देने का है लक्ष्य
- मदर हब, ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर, लार्ज, नॉन-लार्ज और अन्य डिलीवरी हब समेत **65** से ज्यादा केंद्रों के साथ फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से **7** लाख से ज्यादा रोजगार सृजित किए हैं
- एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम की प्रतिबद्धता के अनुरूप फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में विभिन्न जिलों के विशेष उत्पादों को समर्थन प्रदान किया है और इस पहल के अंतर्गत **1,600** करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई है

उत्तर प्रदेश, **30** अगस्त, **2024:** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में दो नए फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) के उद्घाटन का एलान किया है। इन केंद्रों में, उन्नाव में एक एफसी एवं सॉर्टेशन सेंटर तथा वाराणसी में ग्रॉसरी एफसी के साथ सॉर्टेशन सेंटर शामिल है। टेक्नोलॉजी के स्तर पर उन्नत दोनों केंद्रों में कुल मिलाकर 5 लाख वर्ग फीट से ज्यादा का स्टोरेज स्पेस है। वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों केंद्रों का उद्घाटन किया।

नए फुलफिलमेंट सेंटर का उद्देश्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 3,600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करते हुए विभिन्न पिन कोड पर डिलीवरी में लगने वाले समय को कम करना और दक्षता को बढ़ाना है। वाराणसी में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर और उन्नाव में नॉन-लॉर्ज सेंटर से ग्राहकों को स्थानीय एवं स्थापित ब्रांड्स के बहुमूल्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे।

वर्चुअल उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इस विस्तार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, फ्लिपकार्ट का उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण निवेश, उभरते औद्योगिक और उद्यमशीलता के केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है। ये फुलफिलमेंट सेंटर न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन कर रहे हैं, बल्कि राज्य की एमएसएमई इकाइयों को आखिल भारतीय स्तर पर पहुंच प्रदान कर उन्हें सशक्त भी बना रहे हैं। लाखों ग्राहक फ्लिपकार्ट की उन्नत सप्लाई चेन से लाभान्वित हो सकते हैं, जो प्रतिदिन बड़ी संख्या में ऑर्डर को आसानी से प्रॉसेस करती है।

इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'सरकार द्वारा अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने से उत्तर प्रदेश उद्यमशीलता के विकास और उद्यमों की सफलता के लिए अपार संभावनाएं प्रदान कर रहा

है। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश ई-कॉमर्स को अपनाने और विक्रेताओं के सशक्तीकरण के मामले में अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। हमारे रणनीतिक निवेश और विस्तृत मार्केटप्लेस इकोसिस्टम के साथ हमारा लक्ष्य उत्तर प्रदेश में स्थानीय समुदायों, एमएसएमई, किसानों एवं संबद्ध व्यवसायों को डिजिटल इकोसिस्टम में कदम रखने के उनके सफर में समर्थन प्रदान करते हुए सशक्त करना है। लगातार बढ़ते फुलफिलमेंट सेंटर के नेटवर्क के साथ बुनियादी ढांचे को विस्तार देने के प्रयासों से ग्राहकों तक तेज और अधिक विश्वसनीय तरीके से डिलीवरी सुनिश्चित होगी। फ्लिपकार्ट समर्थ, समर्थ कृषि और राज्य में नए एफसी की लॉन्चिंग जैसी पहलों के माध्यम से फ्लिपकार्ट रोजगार के हजारों अवसर पैदा कर रहा है, जिससे 2027 तक उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में मदद मिल रही है। विभिन्न शहरों में एफसी खोलना ग्राहकों की बदलती एवं बढ़ती जरूरतों को कुशलतापूर्वक पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।'

विगत वर्षों में फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश में कुल **15** लाख वर्ग फीट से ज्यादा क्षेत्र में ग्रॉसरी एफसी, मदर हब, लास्ट माइल और जीव्स एफ1 हब स्थापित किए हैं। इससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 7 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। फ्लिपकार्ट ने एमएसएमई सेक्टर की बाजार तक पहुंच बढ़ाने, लिंकेज बढ़ाने और विकास में मदद के लिए राज्य सरकार के साथ कई पहलों के लिए साझेदारी की है।

फ्लिपकार्ट समर्थ और समर्थ कृषि जैसी पहलों के अतिरिक्त फ्लिपकार्ट ने ओडीओपी प्रोग्राम के लिए राज्य सरकार से साझेदारी की है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश के जिलों के विक्रेताओं के लिए समर्पित रूप से माइक्रोसाइट तैयार की गई है, जिससे एमएसएमई के लिए ऑनलाइन कारोबार सुगम हुआ है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्धता के तहत फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश के जिला-विशेष उत्पादों की बिक्री को समर्थन दिया है और ऐसे उत्पादों की बिक्री का आंकड़ा 1,600 करोड़ रुपये के ऊपर पहुंच गया है। फ्लिपकार्ट की इकाई जीव्स ने स्किल इंडिया के तहत प्रमाणित तकनीशियनों को तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के साथ साझेदारी की है।

फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी की सेवा इस समय पूरे भारत में **10,000** पिन कोड और **1,800** से ज्यादा शहरों में उपलब्ध है। इसने देशभर में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने परिचालन को मजबूत किया है। ज्यादा समावेश को बढ़ावा देने और ग्राहकों को खरीदारी के उनके सफर में सहयोग करने के लिए फ्लिपकार्ट ने अपने एप को 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया है। वॉइस इनेबल्ड शॉपिंग, क्रेडिट ऑफरिंग्स, ओपन बॉक्स डिलीवरी व अन्य फीचर्स के साथ फ्लिपकार्ट अपने प्लेटफॉर्म पर यूजर्स के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है।

**About the Flipkart Group**

The Flipkart Group is one of India’s leading digital commerce entities and includes group companies Flipkart, Myntra, Flipkart Wholesale, Flipkart Health+, and Cleartrip.

Established in 2007, Flipkart has enabled millions of sellers, merchants, and small businesses to participate in India's digital commerce revolution. With a registered user base of more than 500 million, Flipkart's marketplace offers over 150 million products across 80+ categories. Today, there are over 1.4 million sellers on the platform, including Shopsy sellers. With a focus on empowering and delighting every Indian by delivering value through technology and innovation, Flipkart has created thousands of jobs in the ecosystem while empowering generations of entrepreneurs and MSMEs. Flipkart has pioneered services such as Cash on Delivery, No Cost EMI, Easy Returns, and UPI. These customer-centric innovations focus on enhancing digital payment offerings for all customers while making online shopping more accessible and affordable for millions of Indians.

For more information, please write to media@flipkart.com